चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 25-8-23 | 2 | 6-8 |

**भास्कर खास** • विश्वविद्यालय के कुलपति ने पर्वतारोहण दल को किया रवाना

# हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय की 7077 मीटर ऊंची चोटी माउंट कुन की करेगा चढ़ाई

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़े माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने आज इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनएएचईपी-आईडीपी द्वारा प्रायोजित है और इसे भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा अनुमोदित किया गया है।



हिसार. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्विद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नात्तकोतर शिक्षा अधिष्ठाता व पीआई-आईडीपी डॉ. केडी. शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह निदेशक छात्र कल्याण, डॉ. सुशील लेगा, सह निदेशक छात्र कल्याण खेल डॉ. बलजीत गिरधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर, सह निदेशक छात्र कल्याण काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. सुभाष व डॉ. अजय जांगड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 24.8.23 | 9 | 2-3 |



हिसार। पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

## हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय की 7077 मीटर ऊंची चोटी माउंट कुन को करेगा फतेह

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बुधवार को इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि हकृवि पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन को फतेह करने जा रहा है। दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। मौके पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व पीआई-आईडीपी डॉ. के.डी. शर्मा सहित मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह निदेशक छात्र कल्याण, डॉ. सुशील लेगा, सह निदेशक छात्र कल्याण (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर, डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. सुभाष व डॉ. अजय जांगड़ा भी उपस्थित रहे।

**■ विश्वविद्यालय के कुलपति ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24-8-23 | 5 | 3-5 |

# हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय की 7077 मीटर ऊंची चोटी माउंट कुन को फतेह करेगा

## विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हिसार, 23 अगस्त (विरेनद्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा यह अत्यंत गर्व का विषय है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन को फतेह करने जा रहा है। कुलपति ने इस दल के सदस्यों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि माउंट कुन उन चुनौतियों के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो हमारे जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना ही हमारे साहस और सपने को साकार करने की क्षमता का परिचय देता है। उन्होंने कहा पर्वतारोहण ऐसा कार्य है जिसके लिए न केवल शारीरिक सहनशक्ति बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी आवश्यकता होती है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के समग्र विकास में बहुत सहायक होते हैं। इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढीगंड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम की भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस अभियान दौरान प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण करने पर जोर दिया। दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं।



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-8-23 | 3 | 7-8 |

## हिमालय की 7077 मीटर ऊंची चोटी माऊंट कुन को फतेह करेगा हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोही दल



*पर्वतारोही दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

हिसार, 23 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माऊंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज इस पर्वतारोही दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माऊंट कुन को फतेह करने जा रहा है।

दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 24.8.23 | 11 | 6-8 |


# हकृवि की 10 सदस्यीय टीम माउंट कुन को फतह करेगी

## कुलपति ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हिसार 23 अगस्त (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने आज इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा यह अत्यंत गर्व का विषय है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन को फतह करने जा रहा है।

कुलपति ने इस दल के सदस्यों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि माउंट कुन उन चुनौतियों के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो हमारे जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना ही हमारे साहस और सपने को साकार करने की क्षमता का परिचय देता है।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम की भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस अभियान दौरान प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण करने पर जोर दिया।

दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनएएचईपी-आईडीपी द्वारा प्रायोजित है और इसे भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 24.8.23 | 5 | 2-4 |

# हिमाचल की माउंट कुन पर चढ़ाई करेगा हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल

• विश्वविद्यालय के कुलपति ने हरी झंड़ी दिखाकर किए रवाना



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पर्वतारोहण दल को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करते हुए।

**सच कहूँ/श्याम सुन्दर सरदाना**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बुधवार को इस पर्वतारोहण दल को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम की भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 24-8-23 | 1 | 2-3 |

## हकृवि के छात्र 7077 मीटर ऊंची चोटी माउंट कुन पर करेंगे चढ़ाई

हिसार (विज्ञप्त): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बुधवार को इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन पर जा रहा है। कुलपति ने इस दल के सदस्यों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने भी दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम की भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डा. मुकेश सैनी व डा. विक्रम कर रहे हैं। पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। इस मौके पर हकृवि के स्नात्तकोतर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा सहित मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, सह निदेशक छात्र कल्याण, डा. सुशील लेगा, सह निदेशक छात्र कल्याण (खेल) डा. बलजीत गिरधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर, डा. सुबोध अग्रवाल, डा. सुभाष भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25.8.23 | 5 | 1-2 |

## एचएयू का दल माउंट कुन को करेगा फतेह



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर ऊंची माउंट कुन पर चढ़ाई करेगा। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम इसकी अगुवाई कर रहे हैं। इस मौके पर केडी शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. चंद्रशेखर डागर, डॉ. सुबोध अग्रवाल भी उपस्थित रहे। ब्यूरो

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 23.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि का पर्वतारोहण दल हिमालय की चोटी माउंट कुन को करेगा फतह

## कुलपति ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने कहा कि माउंट कुन उन चुनौतियों के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो हमारे जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना ही हमारे साहस और सपने को साकार करने की क्षमता का परिचय देता है। उन्होंने कहा पर्वतारोहण ऐसा कार्य है जिसके लिए न केवल शारीरिक सहनशक्ति बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी आवश्यकता होती है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के समग्र विकास में बहुत सहायक होते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम की भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस अभियान दौरान प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण करने पर जोर दिया।

दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनएएचईपी-आईडीपी द्वारा प्रायोजित है और इसे भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 23.08.2023 | -- | -- |

## विश्वविद्यालय के कुलपति ने पर्वतारोहण दल को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना

# हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोही दल माउंट कुन को करेगा फतेह

पांच बजे न्यूज



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोही दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज इस पर्वतारोही दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा यह अत्यंत गर्व का विषय है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन को फतेह करने जा रहा है।

. कुलपति ने इस दल के सदस्यों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि माउंट कुन उन चुनौतियों के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो हमारे जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना ही हमारे साहस और सपने को साकार करने की क्षमता का परिचय देता है। उन्होंने कहा पर्वतारोहण ऐसा कार्य है जिसके लिए न केवल शारीरिक सहनशक्ति बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी आवश्यकता होती है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के समग्र विकास में बहुत सहायक होते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम को भांति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस अभियान दौरान प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण करने पर जोर दिया।

दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनएएचईपी-आईडीपी द्वारा प्रायोजित है और इसे भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

इस अवसर पर हकृवि के स्नातकोतर शिक्षा अधिष्ठाता व पीआई-आईडीपी डॉ. के.डी. शर्मा सहित मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह निदेशक छात्र कल्याण, डॉ. सुशील लेगा, सह निदेशक छात्र कल्याण (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर, सह निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. सुभाष व डॉ. अजय जांगड़ा भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 23.08.2023 | -- | -- |

बुधवार, 23 अगस्त, 2023

4


विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# हकृवि का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय की 7077 मीटर ऊंची चोटी माउंट कुन को फतेह करेगा

**समस्त हरियाणा न्यूज**

हिसार, 23 अगस्त। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय पर्वतारोहण दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में से एक 7077 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा माउंट कुन की चढ़ाई करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आज इस पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुशी जताते हुए दल के सदस्यों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा यह अत्यंत गर्व का विषय है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण क्लब के इतिहास में पहली बार यह दल हिमालय पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटियों में शुमार माउंट कुन को फतेह करने जा रहा है। कुलपति ने इस दल के सदस्यों को अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि माउंट कुन उन चुनौतियों के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो हमारे जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना ही हमारे साहस और सपने को साकार करने की क्षमता का परिचय देता है। उन्होंने कहा पर्वतारोहण ऐसा कार्य है जिसके लिए न केवल शारीरिक सहनशक्ति बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी आवश्यकता होती है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के समग्र विकास में बहुत सहायक होते हैं। इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी इस पर्वतारोहण दल का उत्साहवर्धन किया और अभियान दौरान टीम को भान्ति कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इस अभियान दौरान प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान और संरक्षण करने पर जोर दिया। दल का नेतृत्व पर्वतारोहण क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. विक्रम कर रहे हैं। डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि जैसे-जैसे अभियान लेह क्षेत्र के बीहड़ों में आगे बढ़ेगा, पर्वतारोहण दल उस क्षेत्र की कृषि, जलवायु परिवर्तन, भू-विज्ञान सहित अन्य विषयों पर अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनएएचईपी-आईडीपी द्वारा प्रायोजित है और इसे भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस अवसर पर हकृवि के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व पीआई-आईडीपी डॉ. के.डी. शर्मा सहित मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह निदेशक छात्र कल्याण, डॉ. सुशील लेगा, सह निदेशक छात्र कल्याण (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर, सह निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. सुभाष व डॉ. अजय जांगड़ उपस्थित रहे।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-8-23 | 04 | 1-6 |


**भास्कर खास** • मधुमक्खी पालन करके बढ़ा सकते हैं आमदनी, डायबिटिज और सांस जैसी बीमारियों से भी बचाता है शहद

# आर्किटेक्ट में मास्टर्स करने के बाद चुना मधुमक्खी पालन का व्यवसाय, दो साल में टर्नओवर दस गुना बढ़ाया, कंपनी बना 11 फ्लेवर में तैयार किया शहद

यशपाल सिंह | हिसार

मास्टर ऑफ आर्किटेक्ट करने के बाद गोरछी गांव के विशाल पचार ने मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने के बजाए पिता का मधुमक्खी व्यवसाय चुना। मास्टर्स करने से पहले ही कोविड के समय में बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी आर्क) करने के बाद ही विशाल ने शहद का काम शुरू कर दिया था। दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी मुरथल से 2020 में विशाल ने (बीआर्क)की डिग्री कर ली थी। इसके बाद भोपाल के स्कूल ऑफ आर्किटेक्ट से अर्फन एंड रिजनल प्लानिंग में मास्टर डिग्री की। विशाल ने जब बीआर्क की तब 2020 में कोविड लॉकडाउन के दौरान पिता राजबीर पचार के साथ मधुमक्खी पालन का काम देखा। यहीं से उन्होंने नौकरी के बजाए अपना व्यवसाय करने की ठानी। उनके पिता 2009 से मधुमक्खी पालन का काम करते थे लेकिन ज्यादा जानकारी न होने के कारण 4 या 5 लाख ही टर्नओवर चल रहा था।

विशाल ने फ्लिपकार्ट, अमेजन और जिओ मार्ट के जरिए भी सेल करना शुरू किया तो आमदनी बढ़ने लगी। एमआर्क करने के बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एबिक सेंटर से मधुमक्खी पालन और व्यवसाय की ट्रेनिंग लेकर अपना प्रोजेक्ट स्टार्टअप के लिए सबमिट किया। केंद्र सरकार के आरकेवीवाई रफ्तार प्रॉजेक्ट से उनको 22 लाख रुपये का ऋण मिला। इससे अपनी कंपनी जगदेव ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड खड़ी की। अब वे 11 टाइप के शहद तैयार कर इसे साउथ इंडिया के केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि प्रदेशों में भेज रहे हैं। अभी उनका टर्नओवर 40 लाख से ज्यादा है। आईसीएआर के पूसा सेंटर में भी उनके जगदेव ऑर्गेनिक का आउटलैट है। हैदराबाद में इस साल हुए जी-20 में देशभर से 23 नए स्टार्ट अप की स्टालें लगाई गई थी, जिनमें से जगदेव ऑर्गेनिक की भी स्टाल थी।

## इन फ्लेवर में तैयार होता है शहद

अलग-अलग फूलों और पौधों की वेरायटी का शहद तैयार करने के लिए मधुमक्खियों को कश्मीर, हिमाचल, राजस्थान, पंजाब भी ले जाया जाता है ताकि वे इन फ्लेवर के पौधों के प्रागकण लेकर शहद तैयार कर सकते हैं। इनमें सनफ्लॉवर, अजवायन, यूकेलिप्टस, फॉरेस्ट, कश्मीरी एक्सीया, लीची, मल्टी फ्लोरा, नीम, रोजवुड, मस्टर्ड, कॉम्ब हनी और बी पोलन आदि फ्लेवर शामिल हैं।

**• खांसी जुकाम से लेकर डायबिटिज में कारगर:** विशाल पचार ने बताया कि शहद को तुलसी के साथ लेने पर यह खांसी जुकाम का रामबाण इलाज है। अजवायन, नीम और जामुन फ्लेवर शहद डायबिटिज के लिए उपचार योग्य है।



एचएयू में लगाए नए स्टार्टअप की प्रदर्शनी में शहद के प्रॉडक्ट दिखाते विशाल पचार।